दिनांकः 13.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से जैसलमेर के दौरे पर रहेंगे। वे आज दोपहर में राजकीय विमान से जैसलमेर के वायुसेना के हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति सीमावर्ती क्षेत्र में तनोट माता मंदिर जाएंगे। श्री धनखड़ सीमा सुरक्षा बल की बबलियानवाला सीमा चौकी का निरीक्षण करेंगे और जवानों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाएंगे। दो दिन की इस यात्रा में उपराष्ट्रपति कल बीएसएफ की 154 बटालियन के एक समारोह में भी हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करौली दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उनका गंगापुर के टोडाभीम क्षेत्र के मूड़िया गांव में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम है।

केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है ग्रेस अंक वाले 1 हजार 563 नीट–यूजी उम्मीदवारों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देनी होगी। सरकार ने न्यायालय को बताया कि ग्रेस अंक प्राप्त करने वाले इन उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है। इस परीक्षा का परिणाम 30 जून से पहले घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद ही काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए की ओर से कहा गया कि नीट परीक्षा में जिन उम्मीदवारों को ग्रेस अंक मिले हैं, उन्हें फिर से परीक्षा देनी होगी।

प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण और मानव तस्करी मामले में आठ चिकित्सकों का पंजीयन निरस्त किया गया है और दो डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। राजस्थान मेडिकल काउंसिल की की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक में जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर सहित सभी मेडिकल कॉलेज के मनोनीत सदस्यों ने हिस्सा लिया। डॉ. माथुर ने बताया कि काउंसिल के सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन किये जाएंगे।

प्रदेश में 23 जून से पल्स पोलियो अभियान अभियान चलाया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल इसके लिए स्टेट टास्क फोर्स की बैठक ली और तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मीज़ल्स–रुबेला अभियान की भी समीक्षा की गयी। श्रीमती सिंह ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन से साल 2009 से देश में पल्स पोलियो संक्रमण का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के चार–चार मामले सामने आने के बाद इसके संक्रमण की आशंका को देखते हुए सावधानी बरतना जरूरी है। अभियान के तहत प्रदेश में पांच साल तक के एक करोड़ से अधिक लक्षित बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने की व्यापक व्यवस्था की जाएगी।

जयपुर में आज छह पाक विस्थापितों को नागरिकता दी गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शेफाली कुशवाह ने इन्हें नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। अब तक जिला कलेक्ट्रेट की ओर से सवा तीन सौ विस्थापितों को नागरिकता दी जा चुकी है। नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने पर इन सभी विस्थापितों ने खुशी जाहिर की है।

जयपुर जिले के रायसर क्षेत्र में कल देर रात हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसा बांकी माता कट के पास कार और ट्रक की टक्कर से हुआ। मृतक उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के रहने वाले थे और खाटूश्याम मंदिर के दर्शन कर लौट रहा थे।

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस साल की थीम ''स्वयं और समाज के लिए योग'' रखी गयी है। अजमेर और जोधपुर ग्रामीण में जिला स्तरीय कार्यक्रम "महिला सशक्तिकरण के लिए योग'' की थीम पर मनाया जाएगा। वहीं जोधपुर में दस दिन के योग शिविर का शुभारंभ राजकीय उम्मीद स्टेडियम में किया गया।

राज्य में आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं राज्य के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में अगले दो–तीन दिन तक हीटवेव चलने की संभावना है। राज्य मौसम केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार कल कई स्थानों पर हीटवेव का असर रहा। आठ शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। अलवर, पिलानी, बीकानेर, चूरू, सीकर, धौलपुर, करौली, बाड़मेर, जैसलमेर, फलौदी, वनस्थली, हनुमानगढ़ और राजधानी जयपुर सहित अन्य स्थानों पर भीषण गर्मी और उमस का असर रहा।